### आला अफसरों ने संभाली कमान, घरेलू सिलेंडरों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर जिले में दी जा रही दबिश

# संकट की आशंका से फोकस महज सिलेंडर प्रशासन भी जुटा है ताबड़तोड़ कार्रवाई में









**जागरण, सागर।** विश्व युद्ध की आशंका के बीच पेट्रोलियम और गैस सिलेंडरों को लेकर अब तमाम आशंका लोगों को घेर रही हैं। यही कारण है कि अब सिलेंडर पर सभी का फोकस हो गया है। वहीं, प्रशासन अवैध इस्तेमाल को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही में जुट गया है। साथ ही, लोगों से अपील की जा रही है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में सभी ब्लॉकों में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक इस्तेमाल पर लगाम कसने टीमों को सक्रिय कर दिया है। वहीं गुरुवार को कलेक्टर संदीप जीआर स्वयं मैदान में उतरे और मकरोनिया के एक मैरिज गार्डन/होटल का निरीक्षण किया। उन्होंने घरेलू गैस के संबंध में कहा है कि लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। जांच के दौरान मु य रूप से गैस सिलेंडरों के उपयोग का जायजा लिया गया। सिलेंडरों के सघन निरीक्षण में सब नियमों के दायरे में मिला, कोई भी अवैध घरेलू सिलेंडर नहीं पाया गया। होटल संचालक ने बताया कि वर्तमान में उनके पास व्यावसायिक सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने इलेक्ट्रिक भट्टी, डीजल भट्टी का आर्डर दिया है तथा लकड़ी भट्टी का भी निर्माण शुरू कराया है। सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा भी मौजूद थे। गौरतलब है कि एजेंसियों पर लोगों की लंबी कतारें नजर आ रही है और लोग परेशान हैं।

**घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक इस्तेमाल पर लगाम कसने टीमों को सक्रिय कर दिया है**

## बण्डा में आठ घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

कलेक्टर के निर्देशानुसार बंडा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर स त कार्रवाई की गई। एसडीएम रविश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसीलदार मोहित जैन की टीम ने होटल और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानों और होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जाता पाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल आठ घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

## खुरई में आठ प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही

अनुविभागीय अधिकारी खुरई मनोज चौरसिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों में गोविंद भोजनालय, महावीर भोजनालय, बीकानेर स्वीट्स, भाग्योदय चाट, मिलन होटल, उपसरपंच चाय, घनश्याम चाय, जैन टी स्टाल सहित कुल 8 प्रतिष्ठानों से 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्ती की कार्रवाई की गई। एसडीएम चौरसिया ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी एवं कालाबाजारी करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाएगी। जब्ती कार्रवाई टीम में सुरेश कुमार सोनी नायब तहसीलदार, विकास दुबे खाद्य विभाग, प्रधान आरक्षक जोगेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक गोपाल वंशीवाल एवं पटवारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है।

## कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस

कलेक्टर ने कहा कि जिले के लगभग 6 लाख 68 हजार 382 उपभोक्ताओं को समय पर और सही दाम में सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिले की सभी 47 गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण प्रक्रिया की नियमित जांच हो। घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग होटलों, ढाबों या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में करना कानूनी अपराध है। इससे न केवल राजस्व की हानि होती है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी यह बेहद खतरनाक है। कलेक्टर ने कहा कि आम उपभोक्ताओं को उनके हक की गैस सुलभता से मिले इसमें बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति या एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध रिफिलिंग या ऊंचे दामों पर सिलेंडर बेचने की सूचना मिलती है तो वे तुरंत स्थानीय प्रशासन या खाद्य विभाग को सूचित करें।

## चितौरा में 20 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त

राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा चितौरा हाईवे पर एलपीजी सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं दुरुपयोग पर कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में 20 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। कार्रवाई में तहसीलदार राहुल गौड कनिष्ठ जिला आपूर्ति नियंत्रक निशांत पांडे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**कालाबाजारी करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाएगी, प्रतिष्ठानों पर भी प्रशासन रखेगा नजर**

## दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश, होगी एफआईआर

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि आम जनता के हक का ईंधन बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाएं। घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर तत्काल एफआईआर कार्यवाही की जाए।

# गुजराती नमकीन की फैक्ट्री में मिली कई अनियमितताएं



**जागरण, सागर।** संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली तथा आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग सहित नगर निगम अधिनियम के तहत अन्य गतिविधियों की जांच के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। टीम द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई। उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित गुजराती नमकीन की फैक्ट्री पर बड़ी मात्रा में अनियमितताएं मिलीं।

जांच के दौरान व्यापारिक अनुज्ञप्ति तथा कारखाने की अनुमति भी नहीं पाई गई। फैक्ट्री में खाद्य सामग्री को तैयार करने में उपयोग किए जा रहे ट्यूबवेल के पानी की जांच रिपोर्ट भी राजेंद्र भाई, किरीट भाई द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई तथा फैक्ट्री के संपत्तिकर का निर्धारण भी कम पाया गया। उड़नदस्ता प्रभारी गुरु ने बताया कि गुजराती नमकीन के विरुद्ध नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 427(24) एवं धारा 246 के अंतर्गत अधिनियम का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। इसके अलावा दल द्वारा भगवानगंज स्थित टीवीएस शोरूम पर संपत्तिकर का निर्धारण कम पाया गया जिसकी समक्ष में माप कराकर सही निर्धारण कराने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सरस्वती मैरिज गार्डन द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 44 हजार 8 सौ रुपए जमा कराई गई। वहीं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने विभिन्न स्थानों पर मिल रहीं अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अधिकारी सहित राजेंद्र मलैया करसंग्राहक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान अनिरुद्ध चाचौंदिया, संजय सोनी, देवकुमार चौबे, हीरालाल अहिरवार उपस्थित थे।

# क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

## सामाजिक हितों को लेकर सीएम से की चर्चा, मांगों पर दिया आश्वासन



**जागरण, सागर।** विगत दिवस ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सागर आए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से क्षत्रिय समाज सागर के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा ने वरिष्ठ प्रतिनिधि मंडल के साथ भेंट की। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने मु यमंत्री का वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। साथ ही मातृशक्ति द्वारा मुख्यमंत्री को शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक तलवार भेंट कर उनका विशेष सम्मान और स्वागत किया गया। यह भेंट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत के विशेष प्रयासों से संभव हो सकी। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री को समस्त क्षत्रिय समाज की ओर से एक विस्तृत मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से शौर्य के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की पूर्व प्रस्तावित भव्य प्रतिमा का ससम्मान अनावरण किया जाए, सागर में ही भव्य महाराणा प्रताप भवन तथा भव्य प्रताप लोक का निर्माण कराया जाए, सागर शहर के संस्थापक राजा उदयन शाह दांगी जी की स्मृति में एक भव्य प्रतिमा लगाई जाये। साथ ही वार्षिक गढ़पहरा महोत्सव का आयोजन शुरू किया जाये। डॉ.मोहन यादव ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।


**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO-17001836H, RANK-NK, NAME- BHARAT LAL PALI SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT- VILL.- AJABGAON, POST- PAMLI, TEHSIL-SOHAGPUR, DISTRICT-NARMDAPURAM, STATE-MADHYAPRADESH. PIN CODE-461771, HAVE CHANGED MY SON'S NAME FROM BHUVENESHWAR PALI TO BHUNESHWAR PALI VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.


# इलेक्ट्रिकल्स दुकान में आग, सामान राख

### शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका

**जागरण, मालथौन।** बांदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रजवांस में देर रात एक इलेक्टिकल्स की दुकान में भीषण आग लगने की घटना में लाखों का समान जलकर राख हो गया। मौके पर फायर बिग्रेड गाड़ी आग बुझाने पहुंची तब तक सबकुछ जलकर राख गया। दुकान में आग लगने कारण शार्ट सर्किट होने से बताया जा रहा है। बुधवार रात को नगर परिषद बरोदिया कलां के रजवान्स के मु य रोड स्थित एमजीबी बैंक की शाखा के सामने राम अवतार राजपूत की सिद्धि विनायक इलेक्टिकल्स की दुकान में धुंआ उठता देख पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए दुकान संचालक और स्थानीय प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पड़ोसियों ने दुकान के ताले तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया जिसके बाद नगर परिषद बरोदिया कलां की दमकल वाहन पहुंचा। मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण हुआ। दुकान संचालक राम अवतार राजपूत ने बताया कि दुकान के दो कमरों में रखा कीमती सामान जल कर राख हो गया था।

# भगवान का जन्म तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**जागरण, मालथौन।** नगर में गुरुवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव आदिनाथ का जन्मतप कल्याणक महोत्सव अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। चैत्र कृष्ण नवमी के इस पावन अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः काल नगर के तीनों जिनालयों में भगवान के अभिषेक के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने रजत कलशों से आदिनाथ भगवान का अभिषेक किया जिसके पश्चात विश्व शांति की कामना के साथ वृहद शांतिधारा और नित्य पूजन संपन्न हुआ। दोपहर में भव्य विमानोत्सव का आयोजन किया गया। बाजार स्थित बीच के मंदिर जी से भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को आकर्षक रजत विमान में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरीए जहां श्रद्धालुओं ने जगह जगह श्रीजी की आरती उतारी और श्रीफल भेंट अर्पित किए। लोगों में जमकर उत्साह दिखा।




**CHANGE OF NAME**

I, CHANDA, IS SPOUSE OF ARMY NO-4575908Y, RANK-HAV, NAME- JAGSAY BHAGAT SERVING IN INDIAN ARMY ,RESIDING AT- VILL- TANGARDIH, POST- NAWADIH, TEHSIL-GUMLA, DISTRICT-GUMLA,,STATE- JHARKHAND. PIN CODE- 835230, HAVE CHANGED MY NAME FROM CHANDA TO CHANDA DEVI VIDE AFFIDAVIT DATED 11/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, GANESH RAM, FATHER OF ARMY NO-17001836H, RANK-NK, NAME- BHARAT LAL PALI SERVING IN INDIAN ARMY ,RESIDING AT- VILL.- AJABGAON, POST- PAMLI, TEHSIL-SOHAGPUR, DISTRICT-NARMDAPURAM, STATE-MADHYAPRADESH. PIN CODE-461771 HAVE CHANGED MY NAME FROM GANESH RAM TO GANESHRAM PALI AND MY DATE OF BIRTH FROM 01/07/1964 TO 05/09/1963 VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO-17001836H, RANK-NK, NAME- BHARAT LAL PALI SERVING IN INDIAN ARMY,RESIDING AT- VILL.- AJABGAON, POST- PAMLI, TEHSIL- SOHAGPUR, DISTRICT- NARMDAPURAM, STATE- MADHYAPRADESH. PIN CODE-461771, HAVE CHANGED MY SON'S NAME FROM MOHET PALI TO MOHIT PALI VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, BATI BAI, IS MOTHER OF ARMY NO-17001836H, RANK-NK, NAME- BHARAT LAL PALI SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT- VILL- AJABGAON, POST- PAMLI, TEHSIL-SOHAGPUR, DISTRICT-NARMDAPURAM ,STATE-MADHYAPRADESH . PIN CODE-461771 HAVE CHANGED MY NAME FROM BATI BAI to BATIBAI AND MY DATE OF BIRTH FROM 01/07/1969 TO 01/01/1971 VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.


**लापरवाही** | **शाहगढ़ नगरपरिषद का जनता के साथ खिलवाड़**

# टैंकरों से हो रही दूषित पानी की सप्लाई





**जागरण, शाहगढ़।** नगरपरिषद के अधिकारी पेयजल पूर्ति करने के लिए वही दूषित पानी टैंकरों से सप्लाई कर रहे है जिस गंदे पानी की सप्लाई करने वरिष्ठ अधिकारी रोक लगा चुके है। पत्थर की खदान का वह पानी जिसका आसपास के लोगों सहित राहगीर नहाने एवं शौच करने में उपयोग करते हैं, उस दूषित पानी को पेयजल हेतु सप्लाई करने नगरपरिषद अधिकारी प्रयास थे लेकिन विरोध के बाद रोक तो लग गई।

सूत्रों के अनुसार मंगलवार से वही दूषित पानी टैंकरों से शादी विवाह सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में भेजा जा रहा है। शाहगढ़ नगर को नगरपरिषद शाहगढ़ के अधिकारी इंदौर का भागीरथपुरा बनाने पर आमदा है। बार बार नगर एवं जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद भी दूषित पानी सप्लाई क्यों किया जा रहा है यह नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। शाहगढ़ वासियों को नगरपरिषद के अधिकारियों पर शक होने लगा है कि दूषित पानी कहीं नलजल सप्लाई की टंकियों में तो नहीं भरा जा रहा है। जिससे लोगों ने नगर के नलों का पानी पीने में उपयोग करना अभी तो बंद कर दिया है लेकिन लोगों को अप्रैल मई की भीषण गर्मी की चिंता अभी से हो रही है क्योंकि दूषित पानी का उपयोग नगरवासी करना नहीं चाहते हैं एवं शुद्ध पेयजल की नगरपरिषद के पास व्यवस्था नहीं है तो क्या शाहगढ़ भी इंदौर का भागीरथपुरा बन जायेगा।

परिषद की सहमति के बिना खदान के पानी की सप्लाई करने का विरोध करने पर नगरपरिषद शाहगढ़ के भगतसिंह वार्ड नंबर दो की पार्षद झनकरानी यादव के वार्ड का विकास कार्य रोक दिया गया, जिससे पार्षद ने शाहगढ़ नगरपालिका अधिकारी की मनमानी पर वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यवाही करने पत्र भेजा है जिसमें आमरण अनशन की चेतावनी दी गई है। गंदे पानी की सप्लाई से लोगों में खासा आक्रोश है।

## प्रशासन व गैस एजेंसी संचालकों की बैठक

**जागरण, सागर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जीआर ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियां एक विशेष सिस्टम बनाकर सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बनाए रखें ताकि मांग के अनुसार समय पर वितरण किया जा सके। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और नियमों का पालन सुनिश्चित करें। प्रतिदिन गोदाम खोलने एवं बंद करते समय वीडियो रिकॉर्डिंग करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि सभी गैस एजेंसी एवं गोदाम पर एक-एक राजस्व अधिकारी तैनात किया जाए। निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति राहतगढ़, जिला-सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/मंडी/भोजन/2026-27/301/ राहतगढ़ दिनांक 6.3.26

**विज्ञप्ति सूचना**

मंडी राहतगढ़/उपमंडी प्रांगण सीहोरा में कृषि उपज को विक्रय के लिए आने वाले किसानों को भोजन उपलब्ध कराने हेतु प्रति थाली की दर से निविदा दिनांक 23.3.26 को रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 1.4.26 को अपरान्ह 03 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली जावेगी, थाली में न्यूनतम मीनू 06 पूड़ी तथा सब्जी अथवा रोटी, दाल एवं सब्जी के होगी। निविदादाता द्वारा 500/-रू. अमानत राशि के साथ अपनी निविदा देनी होगी। निविदा प्रपत्र राशि 100/-जमा कर मंडी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

भोजन व्यवस्था हेतु ठेकेदार को भवन, पानी सशुल्क मंडी समिति के द्वारा की जावेगी, बिजली के बिल का भुगतान संबंधित ठेकेदार से वहन करना होगा।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें मंडी कार्यालय से कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर प्राप्त की जा सकती हैं।

निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार मंडी समिति को होगा। जो कारण बताने के लिये बाध्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| **भारसाधक अधिकारी** | **सचिव** |
| कृषि उपज मण्डी समिति | कृषि उपज मण्डी समिति |
| राहतगढ़ जिला-सागर | राहतगढ़ जिला-सागर |

## न्यूज कार्नर

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन



**जागरण, दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित 21वीं सदी की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्कल्पना विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का द्वितीय दिवस विविध शैक्षणिक गतिविधियों और शोध परक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। यह सत्र प्राचार्य डॉ. जीपी चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सेमिनार के द्वितीय दिवस का तृतीय तकनीकी सत्र प्रातः 11 बजे मां सरस्वती के पूजनअर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एपी मिश्रा, सेवा निवृत्त प्राध्यापक रसायन विज्ञान, डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि सागर उपस्थित रहे। साथ ही आमंत्रित वक्ता डॉ. मिथिलेश शरण चौबे, रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय सागर तथा मंचासीन अतिथियों में डॉ. पीके ढाका, डॉ. अरुणा जैन, डॉ. रमेश प्रसाद अहरवाल और डॉ. आशा राठौर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. एपी मिश्रा ने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा और रसायन विज्ञान के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के रहस्यों के अध्ययन से ही मनुष्य ने ज्ञान अर्जित किया है।

### द्वितीय अवसर के लिए 7 मई से प्रारंभ होगी परीक्षा

**दमोह।** विगत वर्ष 2025 से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मुख्य परीक्षा की तरह द्वितीय अवसर की भी परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें विद्यार्थी एक विषय अथवा एक से अधिक विषयों की परीक्षा देकर अपना परीक्षा परिणाम सुधार सकता है। मुख्य परीक्षा के दौरान यदि किसी विद्यार्थी का कोई भी प्रश्न पत्र यदि ठीक नहीं गया है अथवा रिजल्ट आने के बाद उसे एक से अधिक विषयों में अपनी परीक्षा परिणाम में संतुष्टि नहीं है तो ऐसे विद्यार्थी पुनः परीक्षा में बैठ सकते हैं, इसी तरह अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी पुनः अपनी परीक्षा देकर परीक्षा परिणाम सुधार सकते हैं, परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी।

#### अवैध बिजली लाइन पर उठे सवाल, घटना से फैली सनसनी

# सुनार नदी में करंट से युवक की मौत, लापरवाही के आरोप



**जागरण हटा।** नगर के शास्त्री वार्ड स्थित सुनार नदी में गुरुवार सुबह करंट लगने से 48 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेंगी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान परसराम रैकवार 48 वर्ष पिता गब्बी रैकवार निवासी शास्त्री वार्ड हटा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह नदी किनारे आलू सकला की खेती करने वाले लोगों ने नानाघाट रेस्ट हाउस के पास इंटेक बेल क्षेत्र में नदी में एक शव उतराता देखा। पास ही बिजली का तार टूटा हुआ नजर आया। ग्रामीणों ने तुरंत विद्युत विभाग और डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 के स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया, तब उसकी पहचान परसराम रैकवार के रूप में हुई। मौके पर एक टूटा हुआ बिजली का तार शव से लिपटा हुआ मिला, जिससे करंट लगने की आशंका जताई जा रही है।

परिजनों ने आरोप लगाया कि रोसरा ग्राम की ओर नदी के ऊपर से खींचे गए बिजली के तारों और अवैध कनेक्शनों के कारण यह हादसा हुआ है। उनका कहना है कि यदि इन तारों की समय पर निगरानी और कार्रवाई होती तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि परसराम बुधवार रात से घर नहीं लौटे थे। वे कभी-कभी खाना बनाने के ऑर्डर पर काम करते थे और मछली पकड़कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में वही एकमात्र कमाने वाले थे जिससे घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेंगी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए शव को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया है। मर्ग जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि करंट से मौत के मामलों में शासन की ओर से करीब चार लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। वहीं विद्युत विभाग के प्रभारी सहायक यंत्री आरण्केण् सहाय ने बताया कि कुछ अस्थायी कनेक्शन जारी किए जाते हैं लेकिन नदी के ऊपर से तार फैलाने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने लाइनमैन को अवैध कनेक्शनों के तार हटाने के निर्देश दिए हैं।

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### सिलेंडर महंगा होने से जेब पर पड़ रहा भार

**जागरण, हटा।** ईरान-इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के बाद वैश्विक तनाव का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंचने लगा है। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है जबकि 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 115 रुपए तक वृद्धि की गई है। नई दरें 7 मार्च से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी का असर मप्र सहित दमोह जिले और हटा क्षेत्र में भी देखने को मिला। शनिवार को जब लोग हटा गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे तो उन्हें पुरानी दर 932 रुपए के स्थान पर 992 रुपए की नई रसीद दी गई। अचानक कीमत बढ़ने से कई उपभोक्ता हैरान रह गए। गैस एजेंसी पर वितरक व ग्राहकों के बीच बहस की स्थिति भी देखने को मिली। कई उपभोक्ता ऐसे भी थे जो नगद बुकिंग कराने पहुंचे थे लेकिन अचानक बढ़ी कीमत के कारण उनके पास पैसे कम पड़ गए। ऐसे में कुछ लोगों को आसपास से उधार लेना पड़ा तो कुछ ने मोबाइल से ऑनलाइन भुगतान किया या घर जाकर अतिरिक्त पैसे लाकर सिलेंडर लिया। कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर सीधे तौर पर भारतीय रसोई पर पड़ता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा तनाव या संघर्ष लंबा खिंचता है तो आने वाले दिनों में पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी बढ़ने की संभावना है।

# एलपीजी सिलेंडर को लेकर अफवाहों से मची मारामारी



### कलेक्टर ने गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

**जागरण रायसेन।** आने वाले दिनों में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी की अफवाहों के चलते जिले में सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बनने लगा है। कई स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कड़ी धूप में भी उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़े होकर सिलेंडर लेने का इंतजार कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है।

इसी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सुल्तानपुर और बाड़ी क्षेत्र की एलपीजी गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एजेंसी संचालकों से गैस सिलेंडरों के स्टॉकए वितरण व्यवस्था और गैस कंपनियों से हो रही नियमित आपूर्ति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में एलपीजी उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिलेंडरों की जमाखोरी या कालाबाजारी की स्थिति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी एजेंसी द्वारा इस तरह की गतिविधि पाई गई तो उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित रखा जाए ताकि हर उपभोक्ता को समय पर गैस सिलेंडर मिल सके। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वे अफ्वाहों पर ध्यान न दें क्योंकि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है।

#### मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने रायसेन में किया निरीक्षण

# रमजान में किले से चलने वाली तोप पर बढ़ा विवाद



**जागरण रायसेन।** रायसेन में रमजान माह के दौरान किले की प्राचीर से चलाई जाने वाली परंपरागत तोप का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो रायसेन किला पहाड़ी पहुंचे जहां से रोजेदारों को सेहरी और अफ्तारी की सूचना देने के लिए तोप चलाई जाती है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मांगी। निरीक्षण के दौरान कानूनगो ने पुरातत्व विभाग से तोप चलाने की एनओसी अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगी लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारी इसे प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर उन्होंने बिना एनओसी तोप चलाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि किसी भी ऐतिहासिक स्थल या संवेदनशील क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधि नियमों के तहत ही की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि किला पहाड़ी का यह क्षेत्र वन विभाग की 100 मीटर की परिधि में आता है और यह टाइगर रिजर्व क्षेत्र के दायरे में भी माना जाता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार की गतिविधि के लिए संबंधित विभागों की विधिवत अनुमति आवश्यक है। कानूनगो ने कलेक्टर द्वारा दी गई अनुमति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 70 एमएम या उससे बड़े तोप बैरल का लाइसेंस देने का अधिकार कलेक्टर को नहीं है। इस प्रकार का लाइसेंस केवल भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।

कानूनगो ने यह भी जानकारी मांगी कि तोप चलाने में किस प्रकार के बारूद का उपयोग किया जा रहा है और इसके दौरान सुरक्षा के क्या इंतजाम किए जाते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इन सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि नियमों की अनदेखी करते हुए दोबारा तोप चलाई गई तो कलेक्टर के खिलाफकार्रवाई के लिए सरकार को नोटिस भेजा जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में कुछ युवकों द्वारा तोप चलाने के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार भी किया था। वहीं, कुछ हिंदू संगठनों ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था और सात दिन में कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसी विवाद के चलते आज आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## गुलजार दीदी का स्मृति दिवस मनाया



**जागरण राहतगढ़।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में तपस्विनी ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी गुलजार दीदी का स्मृति दिवस मनाया। आठ वर्ष की आयु में परमात्मा को पहचान कर ईश्वर को स्वयं को समर्पित करने वाली परमात्मा के अवतरण के निमित्त बनीं यज्ञ की आधारमूर्त अनेक वर्षों तक प्रभु मिलन का सुख अनुभव कराने वाली दिव्यता की धनी एक बाबा दूसरा न कोई बाबा ही संसार है बाबा बड़ा है बातें नहीं। ऐसी दिव्यता की प्रतिमूर्ति सब के हृदय को मोहने वाली गुलजार दीदी का दिव्य स्मृति दिवस मनाया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

शपथ पूर्वक सभी को सूचित किया जाता है कि मैं सुशीला गोंड मेरे आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में मेरा सही नाम सुशीला गोंड दर्ज है मेरे पुत्र राजेंद्र सिंह गोंड आर्मी में है आर्मी के रिकॉर्ड में (दस्तावेजों) में भूल बस सुशीला बाई लिख गया है जिसे सुधार कर सुशीला गोंड किया जावे मेरा आधार कार्ड नंबर 9965 24 609086 है मां सुशीला गोंड आर्मी नंबर 4289 78 IN नायक राजेंद्र सिंह गौड़ ग्राम मनका पोस्ट ऑफिस सुहेला जिला दमोह मध्य प्रदेश

आवेदक
सुशीला गोंड

# सड़कों पर गड्ढों को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, नगर पालिका को घेरा



**बीना जागरण।** बीना शहर की बदहाल सड़कों और मुख्य मार्गों पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के विरोध में स्टेशन रोड बिलगयाँ मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और संबंधित एजेंसियों की लापरवाही के विरुद्ध तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि शहर की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो नगर पालिका ध्यान दे रही है, न ही लोक निर्माण विभाग और न ही भारत रिफायनरी प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सड़कों का सुधार कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जन आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीना विधायक को जनता की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है और वह केवल विकास के खोखले दावे कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर विकास पूरी तरह गायब है। उन्होनें कहा कि यदि शीघ्र ही सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। जनता की सुरक्षा के साथ इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु ने कहा कि यदि शीघ्र ही इन गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। वहीं देवेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बीना की सड़कों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब यह समझना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। कांग्रेस नेता महेंद्र कुमार नवैया ने कहा कि सड़कों की मरम्मत और निर्माण के लिए शासन से पर्याप्त राशि आवंटित होती है, लेकिन पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के कुछ जिम्मेदार लोग जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर इस राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्हें जनता की सुरक्षा या सुविधा से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि केवल अपने स्वार्थ और निजी लाभ की चिंता है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक परिहार ने कहा कि इन सड़कों से रोजाना स्कूली बच्चे, दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़कों की खराब हालत के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बनी नई सड़कें भी तीन महीने के भीतर ही गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जो निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। कार्यक्रम के कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता मोतीलाल अहिरवार ने किया एवं लक्ष्मण सिंह चढ़ार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेश तिवारी नाही, निर्भय सिंह ठाकुर देहरी, मनोज कैथोरिया, विनोद पोरिया, ओमप्रकाश ताम्रकार, अशोक अहिरवार, प्रभुदयाल सोनी, प्रमोद राय, रमन महाराज, रामसेवक अहिरवार, शालिकराम यादव, पुष्पेंद्र तिवारी, राकेश धानक, विक्रांत गोलंदाज, कमलेश सोनी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## बाइक सवार मवेशी से टकराया : घायल

**बीना जागरण।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर आवारा मवेशियों के बैठे रहते हैं जिससे आये दिन दुर्घटनायें होने से लोग घायल हो रहे हैं। इसी के तहत बुधवार की रात ग्राम ढुरूआ के पास एक सडक हादसे में बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जानकारी अनुसार करोड़ीलाल आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम बिलैया खुरई जो बीना में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ग्राम ढुरूआ के पास सड़क पर एक गाय उनकी बाईक के सामने आ गई और उनकी बाईक टकरा गई और वह गिर गये। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बूलेंस मौके पर पहुंची और एम्बूलेंस के ईएमटी जितेन्द्र एवं पायलट प्रहलाद यादव ने घायल हो सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया। गौरतलब है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर बड़ी संख्या में मवेशियों के घूमने और बैठे रहने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रात के समय वाहनों की रोशनी में मवेशी अक्सर दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## अनियंत्रित कार पलटने से 8 लोग घायल



**बीना जागरण।** गिरोल गांव के पास बुधवार रात एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग रायसेन जिले से उत्तर प्रदेश के ललितपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी अनुसार यह घटना रेलवे गेट नंबर 10 के पास मोड़ पर हुई। घायलों ने बताया कि एक तेज रफ्तार बाइक अचानक कार के सामने आ गई। बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दो एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी जितेंद्र और पायलट पहलाद यादव, साथ ही दूसरी एम्बुलेंस के ईएमटी हरपाल ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। घायलों में लक्ष्मण शर्मा आयु 22 वर्ष, भरत सिंह ठाकुर आयु 22 वर्ष, मोनू रैकवार आयु 22 वर्ष, विकास केवट आयु 24, अजब सिंह आयु 22 वर्ष, अजय केवट आयु 24 वर्ष, संजय केवट आयु 24 वर्ष और नीलेश केवट शामिल हैं।

# जनपद पंचायत की बैठक में जल संकट पर मंथन गर्मियों में पानी की सप्लाई नहीं होने की आशंका

### अभी से जलसंकट की आहट, दो घंटे चली बैठक में जल निगम और पीएचई से आधे घंटे चर्चा



**बीना जागरण।** गुरुवार को जनपद पंचायत बीना की साधारण सभा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित जलसंकट से निपटने की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चली बैठक में करीब आधे घंटे तक जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के प्रतिनिधियों से विस्तार से जानकारी ली गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन डेम में फिलहाल केवल टेस्टिंग के लिए ही पानी उपलब्ध है। इस पर जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर ने स्पष्ट सवाल किया कि क्या इस साल गर्मियों में ग्रामीणों को पानी मिल पाएगा या नहीं। इस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि इस ग्रीष्मकाल में पानी की नियमित सप्लाई शुरू नहीं हो पाएगी। फसल कटाई के बाद जिन गांवों में पाइपलाइन का कार्य बाकी है, वहां पाइप डालने का काम पूरा किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के गलत तरीके से भराव किए जाने की शिकायत भी उठाई।

इस पर जल निगम के अधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित स्थान और तारीख की जानकारी दी जाए तो निरीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर काम अभी चल रहा है, इसलिए कुछ जगहों पर असुविधा हो सकती है, हालांकि अधिकांश स्थानों पर कार्य सही तरीके से किया गया है।

**चकरपुर डेम से होगा जलापूर्ति का प्रबंध**

पीएचई और जल निगम द्वारा बीना और खुरई क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डाली जा रही है। योजना के तहत बीना क्षेत्र में 43 पानी की टंकियां बनाई जा रही हैं, जिनसे 128 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाएगी। यह पानी चकरपुर डेम से खुरई के पास स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लाया जाएगा और वहां से पाइपलाइन के माध्यम से टंकियों तक पहुंचाया जाएगा। फिलहाल जिन स्थानों पर कार्य पूरा हो चुका है वहां टेस्टिंग की प्रक्रिया की जाएगी, जबकि शेष कार्य पूरा किया जाना बाकी है।

**हैंडपंपों और टंकियों की स्थिति पर भी चर्चा**

बैठक में पीएचई विभाग से पानी की टंकियों के निर्माण और गिरते जलस्तर के कारण हैंडपंपों में पानी की उपलब्धता को लेकर भी जानकारी ली गई। विभागीय अधिकारी ने बताया कि छह नए बोर स्वीकृत हुए हैं, जहां आवश्यकता होगी वहां बोर करवाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि आबादी के अनुसार 75 किलोलीटर से लेकर 500 किलोलीटर क्षमता तक की पानी की टंकियां बनाई जा रही हैं। इनमें मंडी बामोरा, खिमलासा और बेलई में सबसे अधिक क्षमता वाली टंकियां निर्मित की गई हैं।

**अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा**

बैठक में वन विभाग से वर्ष 2025 में किए गए पौधारोपण और तेंदूपत्ता संग्रहण की जानकारी ली गई। शिक्षा विभाग के तहत अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से जुड़े 24 कार्यों की स्थिति पर चर्चा कर निरीक्षण के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई इसके अलावा विद्युत विभाग को डीपी की क्षमता बढ़ाने और नई डीपी लगाने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग से भवनहीन और किराए के भवनों में संचालित आंगनवाड़ियों की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया। ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा जनपद कार्यालय के लिए सामग्री क्रय जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

**यह रहे उपस्थित**

बैठक में जनपद अध्यक्ष ऊषा राय, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर, जनपद सीईओ सहित 14 जनपद सदस्य उपस्थित रहे। हालांकि शासन के नियमों के अनुसार बैठक में केवल जनपद सदस्यों को ही उपस्थित रहने की अनुमति है, इसके बावजूद सतोरिया क्षेत्र की जनपद सदस्य के पति भी बैठक में मौजूद दिखाई दिए।

## भानगढ़ पुलिस ने बचाई ड्राइवर की जान

**बीना जागरण।** भानगढ़ पुलिस थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने अपनी सूझबूझ से एक ट्रक ड्राइवर की जान बचा ली। सीने में तेज दर्द होने पर ड्राइवर खुद अपना ट्रक चलाकर थाने पहुंचा और वहां पहुंचते ही बेहोश होकर गिर पड़ा।

पुलिस ने बिना वक्त गंवाए उसे सीपीआर दिया, जिससे उसकी जान बच गई। जानकारी मुताबिक मालथौन क्षेत्र के रहने वाले 44 वर्षीय राम सिंह लोधी अपना ट्रक लेकर जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनके सीने में तेज दर्द शुरू हुआ। हालत बिगड़ती देख उन्होंने हिम्मत दिखाई और ट्रक को सीधे भानगढ़ थाने के अंदर ले आए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपनी तकलीफ बताई और इतना कहते ही जमीन पर अचेत हो गए। ड्राइवर को जमीन पर गिरता देख वहां मौजूद पुलिस स्टाफ तुरंत हरकत में आया। प्रधान आरक्षक इरफान खान ने बिना देरी किए उन्हें सीपीआर देना शुरू किया। इस दौरान एएसआई जगमोहन सिंह और प्रधान आरक्षक जयराम ने भी मदद की। समय पर मिली इस प्राथमिक सहायता से ड्राइवर की सांसें चलने लगीं।

## सीएमओ ने किया वार्डों का निरीक्षण दिये निर्देश



**बीना जागरण।** नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कुमार कौरव ने गुरूवार की सुबह शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनोरमा वार्ड और खिरिया वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को नियमित और समय पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने वार्डों में नालियों की स्थिति, कचरा उठाव और सड़कों की सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि गंदगी जमा न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने पर भी जोर दिया। सीएमओ राहुल कौरव ने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बना रहे। इसके लिए सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विवेक ठाकुर, दिग्विजय ठाकुर, लोकेन्द्र तिवारी, मनोज नामदेव, राजेंद्र मुकद्दम और कमलेश मुकद्दम सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर (म.प्र.)**

क्रमांक: 1803 / रीडर / 2026 सागर, दिनांक: 25/02/2026

प्र.क्र.: 0080 / ब-121 / 2025-26
मौजा: गुलौवा, तहसील बीना, जिला सागर
यूको बैंक विरुद्ध दीपक श्रीवास्तव वगै.

-: आम इश्तहार :-

इस आम इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर (म.प्र.) के प्रकरण क्रमांक 0080/ब-121/2025-26 पक्षकार **यूको बैंक शाखा बीना जिला-सागर विरुद्ध दीपक श्रीवास्तव एवं अन्य 01**, में अनावेदक द्वारा ऋण की **राशि 9,37,072/- रूपये** जमा न करने से, आवेदक बैंक ने अनावेदकगण के विरुद्ध, धारा-14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अंतर्गत प्रतिभूति हित/बंधक संपत्ति आवासीय भूमि बिल्डिंग **ख.नं. 13/2/6 (न्यू 12/2/14) स्थित ग्राम गुलौवा, राजीव गांधी वार्ड बीना प.ह.नं. 53 क्षेत्रफल 480 व.फु.** का भौतिक कब्जा/आधिपत्य संस्था के पक्ष में प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण में अनावेदकगण के विरुद्ध विधिवत् जारी नोटिस सही पते के अभाव में तामील नहीं हुए है।

अतएव इस आम इश्तहार के माध्यम से निम्नानुसार तालिका में दर्शित अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में सुनवाई हेतु **दिनांक 16/03/2026** नियत है। संबंधित अनावेदकगण तथा हितबद्ध पक्षकार, नियत सुनवाई दिनांक को इस न्यायालय में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | आवेदक का नाम | अनावेदक का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | यूको बैंक प्राधिकृत अधिकारी विकास कुमार, पता शाखा बीना (म.प्र.) | 1. दीपक पुत्र शिवचरण श्रीवास्तव 2. निवेदिता पति दीपक श्रीवास्तव दोनों नि. निर्मल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के पास, राजीव गांधी वार्ड बीना जिला-सागर (म.प्र.) |

नियत सुनवाई दिनांक पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने पर यह माना जाकर कि आप प्रकाशित सूचना से अवगत है, अतएव पक्ष प्रतिरक्षण का अवसर समाप्त किया जाकर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

संयुक्त कलेक्टर
(जिला मजिस्ट्रेट सागर द्वारा आदेशित) वास्ते कलेक्टर, सागर (म.प्र.)
पृ.क्रमांक: 1803 / रीडर / 2026 सागर, दिनांक: 25/02/2026

## न्यूज कार्नर

### बस स्टेण्ड में किसान की हार्ट अटैक से मौत

**छतरपुर** । गुरूवार की सुबह 11 बजे बस स्टेण्ड में एक 60 वर्षीय किसान की मौत हो गई। वह खजुराहो की बस में बैठने जा रहा था तभी अचानक उसे चक्कर आया और वह गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत को हार्ट अटैक माना जा रहा है। मृतक की पहचान खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम करिया बीजा निवासी 60 वर्षीय गणेश कुशवाहा के रूप में हुई है वह किसी काम से छतरपुर आया था और काम खत्म होने के बाद बस स्टेण्ड पहुंचकर खजुराहो की बस की बैठ रहा था। जब किसान की मौत हो गई उसी दौरान उसके फोन की घंटी बजी तब उसकी शिनाख्त हो सकी। और उसके परिजनों को सूचना दी गई।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 3.35 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर** । म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 7 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 3.35 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही चंदन मोर पिता मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 4 नौगांव को 1 लाख रुपए, संगीता गोस्वामी पति संजीव कुमार गोस्वामी नि. वार्ड नं. 30 छतरपुर एवं रश्मि गुप्ता पति रामबाबू गुप्ता नि. वार्ड नं. 15 गल्ला मंडी के पास को 50-50 हजार रुपए, धीरज यादव पिता लल्लू यादव नि. ग्राम घटहरी तह. गौरिहार को 65 हजार रुपए, मनीष कुमार तिवारी पिता देवकी नंदन तिवारी वार्ड नं. 7 खजुराहो को 35 हजार रुपए, राकेश सिंह घोषी ग्राम वर्मा पोस्ट सेंधपा को 20 हजार रुपए एवं केसर बाई जैन पति कपूर चंद जैन निवासी मडदेवरा जिला छतरपुर को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर को मसूर की जगह मिली गेहूं की फसल, पंजीयन में भारी गड़बड़ी

## पटवारी, सर्वेयर, समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर पर कार्यवाही के निर्देश



**छतरपुर** । प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम पीरा में उपार्जन पंजीयन का मौके पर फसल का अवलोकन करते हुए सत्यापन किया। मौके पर किसान का पंजीयन बड़ामहलरा की बजाय गौरिहार अंतर्गत पाया गया और मसूर की जगह गेंहू की फसल पाई गई।

प्रभारी कलेक्टर श्री अरजरिया ने बोई गई फसल का मौके पर परीक्षण कर पाया कि किसान जीतेन्द्र सिंह ने रकबे 33, 30, 29, 40 एवं 77 पर लगभग 9 हेक्टेयर भूमि पर मसूर का पंजीयन गौरिहार की सेवा सहकारी समिति पचवरा में कराया गया है। प्रथम दृष्ट्या पाया गया कि पीरा बड़ामलहरा का व्यक्ति गौरिहार में फसल बेंचने का पंजीयन क्यों कराएगा। लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी कलेक्टर ने एसडीएम बड़ामलहरा को पटवारी हल्का पीरा गजेन्द्र सिंह गौड़, सर्वेयर, समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पूरे जिले में हुआ इसी तरह का फर्जीवाड़ा

फसलों के पंजीयन में पूरे जिले में इसी तरह का फर्जीवाड़ा किये जाने की चर्चाएं हैं पूर्व में भी समाचार प्रकाशित हुए थे कि सर्वेयर, पटवारी और समिति प्रबंधक किसानों से लेनदेन करके फसलों की गिरदावली में भारी गड़बड़ी कर रहे हैं। बड़ामलहरा की तरह जिले में अन्य जगहों में भी इसी तरह का फर्जीवाड़ा सामने आयेगा। बशर्ते सच्चाई से जांच होनी चाहिए ताकि और भी पटवारी, सर्वेयर, समिति प्रबंधक, ऑपरेटर जांच के दायरे में आ सकें।

# जंगल में चल रही जेसीबी रेंजर ने पकड़ी, दो के विरूद्व मामला दर्ज




**बकस्वाहा** । वन परिक्षेत्र बकस्वाहा के अंतर्गत चाचाई सेमरा के जंगल कक्ष क्रमांक 257 बीट सुम्मेरपुरा में बीती रात एक जेसीबी चल रही थी जिसकी जानकारी बकस्वाहा रेंज के रेंजर को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को जप्त किया और मामला धारा 331 के तहत पंजीबद्ध किया है। चूंकि जेसीबी अभी नई है और उसमें रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं डला है इस कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन सूत्रों का कहना है कि जो जेसीबी जप्त की है वह एक भाजपा नेता और नगर पंचायत अध्यक्ष के रिश्तेदार की है।

जेसीबी के रजिस्ट्रेशन के कागजाद मिलते ही अपराध में नाम भी उजागर होंगे। रेंजर बकस्वाहा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो जेसीबी अवैध रूप से जंगल की सफाई कर रही थी जंगल में जेसीबी चलाने की कोई अनुमति नहीं थी जिस कारण से जप्त किया गया है। रेंजर द्वारा की गई यह कार्यवाही चर्चा का विषय बनी हुई है।

### बोलेरो चालक ने मारी टक्कर, युवक घायल

**अशोकनगर** । पिपरई रोड पर पिपनावदा के पास एक 35 वर्षीय व्यक्ति को बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल विनोद रजक निवासी सुहागपुर थाना देहात अशोकनगर ने पुलिस को बताया है कि 11 मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे बुलेरो कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से खतरनाक ढंग से बुलेरो कार चलाकर टक्कर मार दी। पुलिस ने विनोद रजक की रिपोर्ट पर बुलेरो कार के चालक पर बीएनएस की धारा 281 और 125ए एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# जैन समाज ने मनाई आदिनाथ जयंती, निकाली शोभायात्रा



**टीकमगढ़** । गुरुवार को जैन समाज ने भगवान आदिनाथ की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर पार्श्वनाथ धाम पंचायती जैन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राजेंद्र पार्क स्थित मानस मंच पर समाप्त हुई।धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण चांदी का रथ था। कई मंदिरों से लाई गईं जिन प्रतिमाओं को आकर्षक विमान रथों पर विराजमान किया गया था। शोभायात्रा में घोड़ा, बग्गी, दिव्य घोष और धर्म ध्वजा लिए महिला मंडल भी शामिल था। समाज की महिलाएं विशेष ड्रेस कोड में यात्रा का हिस्सा बनीं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह समाज के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। भक्तों ने भगवान श्रीजी की आरती उतारी और 'भगवान आदिनाथ स्वामी की जय' केजयकारे लगाए। मानस मंच पर पहुंचने के बाद भगवान का अभिषेक किया गया, जिसके उपरांत मुनिश्री विवौध सागर महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। नरेंद्र जैन ने बताया कि भगवान आदिनाथ, जिन्हें ऋषभदेव के नाम से भी जाना जाता है, जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं।

उनकी जयंती को जैन समाज द्वारा भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन आध्यात्मिक जागरण, अहिंसा, तप, योग और सदाचार के सिद्धांतों को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। भगवान आदिनाथ का जन्म अयोध्या में हुआ था।

# टीकमगढ़ में दमकल के नीचे आई बाइक

**टीकमगढ़** । शहर मे गुरुवार को शहर के ईदगाह मार्केट के सामने एक बड़ा हादसा टल गया। एक फायर ब्रिगेड वाहन के नीचे अचानक एक बाइक आ गई, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायर ब्रिगेड की गाड़ी सड़क से गुजर रही थी, तभी अचानक एक बाइक उसके नीचे आ गई। हादसा अचानक होने से आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने दमकल के नीचे फंसी बाइक को बाहर निकाला। दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवारों को चोटें आईं, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही टीकमगढ़ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि बाइक सवारों की पहचान सुरेश और रोहित के रूप में हुई है।दोनों को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत स्थिर है। फिलहाल उनका उपचार अस्पताल में जारी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**किसानों ने की बैराज स्टॉप डैम की मांग, विधायक ने की कवायद शुरू, भेजेंगे प्रस्ताव**

# बैराज और स्टॉप डैम से 12 सौ हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित, विधायक रघुवंशी ने देखा कामकाज





**जागरण, गंजबासौदा**। सरकार खेती को फायदे का धंधा बनाने के लिए पूरा सफल प्रयास कर रही है। सरकार हर किसान के साथ कंधे से कंधे और कदम से कदम मिलाकर चल रही है। जिसके लिए किसानों को नई-नई योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार हर खेत तक पानी पहुंचाने का संकल्प पूरा कर रही है जिसके तहत जगह-जगह बृहद बांध परियोजना, बैराज परियोजना, स्टॉप डैम, बलराम तालाब, अमृत सरोवर और कई सिंचाई की योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिससे लगातार सिंचाई का रखवा बढ़ता जा रहा है। जिससे किसान मजबूत और सशक्त हो रहा है। इसीक्रम में गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र में भी सिंचाई के नए-नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। किसानों की हर मांग को पूरा करने और उनकी उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरना मेरा एकमात्र मकसद है। जिसके लिए मैं सदैव सदैव तत्पर हूं।

उक्त उद्गार गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने भ्रमण के दौरान व्यक्त किये। गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आला अधिकारियों के साथ ग्राम डाबर पहुंचे। जहां विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने क्वेटन नदी के डाबर सनाईरामपुर की पठार पर बैराज डैम बनाए जाने वाली मांग स्थल का मौका मुआयना किया। विधायक ने नदी के घाट पर अधिकारियों, इंजीनियरों और किसानों से सीधा संवाद कर बहु प्रतीक्षित मांग पर चर्चा की।

### विराज और स्टॉप डैम के लिए जाएगा प्रस्ताव

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने बताया कि के क्वेटन नदी के डाबर सनाईरामपुर की पठार पर बैराज डैम परियोजना, और खानवा नदी पर ग्राम मुंडारी में स्टॉप डैम परियोजना बनाए जाने का सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जिसमें क्वेटन नदी के डाबर सनाईरामपुर की पठार पर बैराज डैम परियोजना से ग्राम डाबर, सियारी, बरखेड़ा, बसरिया, मोरोदा, कालापाठा, डफ़रयाई आदि ग्रामों की लगभग 800 हेक्टेयर भूमि संचित होगी। खानवा नदी पर ग्राम मुंडारी में स्टॉप डैम परियोजना आसपास के ग्रामों की लगभग 400 हेक्टेयर भूमि संचित होगी। दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र के कई किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं हजारों किसानों के निजी जल स्रोतों का जल स्तर बढ़ने से सिंचाई में इजाफा होगा। साथ ही जल स्तर बढ़ने से ग्रामीण अंचल को जल संकट से मुक्ति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों में भूमिगत जल स्तर बहुत नीचे और कम होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ता है जिससे किसानों की फासले प्रभावित होती है जिसके चलते किसानों ने विधायक हरि सिंह रघुवंशी से बैराज डैम परियोजना और स्टॉप डैम परियोजना की मांग की है। विधायक ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र आपकी मांग को पूरा किया जाएगा।

### पिपरिया सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आला अधिकारियों के साथ पिपरिया मध्यम सिंचाई परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ठेकेदार और मौजूद कर्मचारियों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बेहतर काम करने की नसीहत दी।

# ग्राम गंज में पहुंचा केन्द्र सरकार का दल, देखी शासकीय व्यवस्थाएं



**जागरण, गंजबासौदा**। गुरूवार को ग्राम गंज में आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा मनोनित 2 सदस्यीय टीम ने ग्राम गंज का अवलोकन किया। जिसमें उन्होने गांव के अंदर स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी, आरोग्य केन्द्र के अलाबा विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से जनसंवाद किया। इस अवसर पर टीम ने ग्राम गंज पंचायत के भवन का भी अवलोकन करते हुए ई-ग्राम पंचायत अंतर्गत की जाने वाली व्यवस्थाओं को देखा। पंचायत में बने हुए सीएससी केन्द्र पर भी चर्चा की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, जनपद सीईओ तपस्या जैन, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वार्डों में पहुंचकर कर रहे मकानों की हो रही गणना



**जागरण, सिरोंज**। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विदिशा के निर्देश अनुसार जनगणना निर्देशालय द्वारा नगर पालिका परिषद सिरोंज में मकानों की मार्किंग का कार्य किया जा रहा है। जिसमें वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्डों में कार्य कर रहे है। वहीं जनगणना 2027 के तहत मकानों पर मकान भवन नंबर अंकित किए जा रहे हैं। वहीं गुरुवार को दीक्षा मैडम गृह विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना लिपिक को आवश्यक निर्देश प्रेषित किया।

# फाग लोकोत्सव का आज समापन, कल से महामाई मेला




**जागरण, सिरोंज**। ग्राम वीरपुर पंचायत चौड़ाखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय फाग लोकोत्सव का आज अंतिम दिन है। प्रतिवर्ष की भांति आयोजित इस लोकोत्सव में क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा लोकगीत, बधाई, राई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है। लोकोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध लोक कलाकार बब्लू रंगीला और नेहा दिशोरिया ने अपनी लोकगीत एवं राई नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे और देर रात तक लोकसंगीत का आनंद लेते रहे। दूसरे दिन देशराज नरवरिया और उनकी टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोकोत्सव के अंतिम दिन आज जित्तू खरे बादल और उनकी टीम अपनी प्रस्तुति देंगे। फाग लोकोत्सव के समापन के साथ ही प्रतिवर्ष की भांति चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर परिसर में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले का आयोजन प्रारंभ होगा, जो 14 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। आयोजन के पहले दिन देश की लोकप्रिय भजन गायिका संजो बघेल अपनी भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित नलिनी कांत शर्मा रहेंगे, जिनके मार्गदर्शन में पूरे महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार 14 मार्च को घट स्थापना, गणेश पूजन और मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा तथा रात्रि में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान 14 से 18 मार्च तक प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकनाट्य और देवी-देवताओं से जुड़े धार्मिक आयोजन होंगे। एवं 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा से यज्ञ प्रारम्भ होगा जो की प्रतिदिन रहेगा इसके अलावा 22 मार्च को विशाल भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका स्वस्ति मेहुल और उनकी टीम भजन प्रस्तुत करेंगी। 24 और 25 मार्च को भी भजन संध्या एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# संतों की तपोभूमि में सजे दो घरों के सपने, समाज के सहयोग ने लिखी विश्वास की नई इबारत



**जागरण, गंजबासौदा**। आमतौर पर संतों के आश्रमों में लोग कथा, भजन और भंडारे के ही आयोजन अभी तक श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जन देखते आए हैं, लेकिन शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम गुफा मासेर की ऊंची पहाड़ी पर मौजूद आश्रम की सिद्ध तपोभूमि में गुरुवार को संतों की करुणा का ऐसा दृश्य सामने आया, जहां भजन संकीर्तन और विवाह के वैदिक वैवाहिक परंपरा की रस्मों के संग मंगल गीतों की पावन ध्वनि के बीच एक निर्धन परिवार की कन्या का विवाह कराकर संतों ने समाज के सहयोग से मानव सेवा का अद्भुत संदेश दिया।

गौरतलब है कि इस पहाड़ी पर सैकड़ों सालों से राम नाम कीर्तन चल रहा है लेकिन अब वह ग्रामीण और संत नहीं रहे जो यह बता सके की कीर्तन कितनी पुरानी है लेकिन जिनको याद है वह यह बताते हैं कि 40-50 साल से तो वह देखते आ रहे हैं बिना रुके 24 घंटे 12 महीने अखंड संगीतमय श्री सीताराम नाम संकीर्तन निरंतर गूंज रहा है। ग्राम गुफा मासेर की करीब 500 से 700 वर्ष पुरानी सिद्ध संतों की इस पावन तपस्थली में गुरुवार को जब शहनाई और मंगल गीतों की ध्वनि गूंज रही थी और हरे मंडप के नीचे सात फेरे हो रहे थे, इस विवाह की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि दहेज से लेकर भोजन, पकवान, स्वागत-सत्कार और बारातियों की सेवा तक की सारी व्यवस्था संतों की देखरेख में समाज ने मिलकर संभाली। क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी (देबू), गंगाराम कुशवाह सतपाड़ा, अन्नू यादव, राजू विश्वकर्मा, रिंकू रघुवंशी, जीवन पाल,सहित आश्रम के अन्य सेवक और ग्रामीण पूरे दिन सेवा में जुटे रहे। जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी देबू ने बताया कि 2025 में भी ग्राम देहलाखेड़ी निवासी राकेश बाल्मीकि (वंशकार)की बिटिया का विवाह भी गुरु गादी आश्रम से संत कृपा और समाज के सहयोग धूमधाम से संपन्न हुआ था। विवाह के दौरान बारातियों के स्वागत और सत्कार में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा गया।

ग्राम सतपाड़ा कला से चलकर आई परशुराम कुशवाह के सुपुत्र अरुण कुशवाह की बारात जब डीजे और बैंड बाजों के साथ गुफा मासेर गांव की गलियों से निकलकर ऊंची पहाड़ी पर स्थित आश्रम पहुंची तो उत्सव का दृश्य बन गया। दूल्हे ने सबसे पहले गुरुगादी परंपरा के सिद्ध संतों की बैठक को प्रणाम किया और फिर आश्रम के महंत पूज्य हनुमान दास जी के चरणों में शीश रखकर आशीर्वाद लिया।

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दिए प्रबंधन के गुर

**गुना।** जिले के किसानों को आधुनिक और लाभप्रद खेती से जोड़ने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं उपसंचालक कृषि संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आत्मा योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य केंद्र नरवाई प्रबंधन रहा, जहाँ वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले दूरगामी नुकसानों के प्रति सचेत किया।

### मंडी में 13 हजार 862 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** गुरूवार को अनाज मंडी 11 हजार 942 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 5 हजार 476 क्विंटल गेंहू की आवक रहा। जो कि 1711 रुपए से लेकर 2700 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 3800 से 5451 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 5300 से 6840 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 3201 से 5572 रुपए क्विंटल के भाव वहीं धान 1450 से 4209 के भाव रहा और करीब 505 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### मेडिकल कॉलेज में सफल ऑपरेशन: 3 किलो वजन का दुर्लभ ट्यूमर निकाला

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल के शल्य रोग विभाग में एक 50 वर्षीय महिला के जांघ में पाए गए लगभग 20 वाय 15 सेमी आकार और करीब 3 किलोग्राम वज़न के दुर्लभ सॉफ्ट टिश्यू ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया। जांच में यह स्पिंडल सेल नियोप्लाज्म होने की आशंका पाई गई थी। सर्जरी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया तथा मरीज की स्थिति अब स्थिर है। यह ऑपरेशन डॉ. आरके सिंह विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर के मार्गदर्शन में तथा डॉ. आकाश जैन असिस्टेंट प्रोफेसर की देखरेख में सर्जरी विभाग की टीम द्वारा किया गया। सर्जरी विभाग में मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए विशेष ओपीडी क्लीनिक भी संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सोमवार पीडियाट्रिक सर्जरी क्लीनिक, मंगलवार को ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक, बुधवार को प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक, गुरुवार को गैस्ट्रो सर्जरी क्लीनिक, शुक्रवार को बवासीर, फिशर, फिस्टुला एवं यूरो सर्जरी क्लीनिक एवं शनिवार को एंडोक्राइन सर्जरी क्लीनिक संचालित होतीं हैं।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि की फैक्ट्री के सामने ग्रामीणों ने फेंका कचरा

**विदिशा।** ग्राम सौंठिया में नगर पालिका द्वारा अवैध रूप से कचरा फेंके जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। ग्रामीणों ने नगर पालिका की कचरे से भरी गाड़ियों को गांव की सीमा पर ही रोक दिया और विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के पास कचरा डालने से क्षेत्र में गंदगी, बदबू और प्रदूषण फैल रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। इसी दौरान वहां से गुजर रहे मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो के काफिले को भी ग्रामीणों ने रोक लिया और उन्हें गांव की स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक उन्हें यहां से जाने नहीं दिया जाएगा। मौके पर ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सीएमओ और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित ग्रामीणों ने यह कचरा राकेश शर्मा की फैक्ट्री के सामने भी फेंककर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कानूनगो ने सीएमओ से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी के संबंध में जानकारी मांगी।

### यह आम रोड नहीं फिर भी यह हालत है कालीदास बांध मार्ग की, यहां गड्डों, धूल व बिखरी गिट्टियों से होता है सामना

# पांच वर्ष में उखड़ कर फिका गई 80 लाख की लागत से बनी 700 मीटर की सड़क

## शहर की हर राह मुश्किल भरी, कहीं धूल तो कहीं गड्ढे

जागरण विदिशा

शहर में विकास कार्य अब जबाव देने लगे हैं। पूर्व में बनी कई सीसी सड़कें कुछ ही वर्ष में दम तोड़ रही तो वहीं कालीदास बांध जो आम रास्ता नहीं है। इसके बाद भी करीब 5 वर्ष पूर्व लगभग 80 लाख की लागत से बना यह 700 मीटर का यह मार्ग अब बुरी तरह उखड़ चुका है। सड़क पर हर तरफ गड्ढे, उड़ती धूल और बिखरी गिट्टियों के बीच वाहन कालीदास बांध तक पहुंच पा रहे हैं। वैसे इस बांध से जुड़ी सड़कों पर भारी वाहनों का अधिक दबाव नहीं रहता इसके बाद भी यह सड़क अधिक समय तक टिकाऊ साबित नहीं हो पाई है।

मालूम हो कि कालीदास बांध वर्षो से शहर में जल सप्लाई व्यवस्था से जुड़ा है। यह स्थान करीब दो दशक पूर्व नगरपालिका परिषदों के कार्यकाल के दौरान एक रमणीक स्थल के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए था। यहां की हरियाली एवं सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित करती रही फलस्वरूप इसी पुरानी पहचान को ध्यान में रखते हुए नागरिकों का अभी इस कालीदास बांध से गहरा लगाव है और लोग आज भी यहां की हरियाली का आनंद लेने पहुंचते हैं। पूर्व परिषद में इस बांध के जर्जर मार्ग का नया निर्माण कराया था। जिस तरह से इस मार्ग का निर्माण हो रहा था, उससे तो यही लगता था कि कई वर्षों तक यह मार्ग लोगों को सुकून दे सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मार्ग बनने के बाद एक -दो वर्ष में ही इस मार्ग में दरारें आपना आकार बढ़ाती रही और अब यह मार्ग टुकड़ों-टुकड़ों में विभक्त हो चुका है। पूरा उखड़ी हुई हालत में कई स्थानों पर सीसी सड़क का अस्तित्व तक नहीं बचा। बताते हैं करीब 700 मीटर लंबाई एवं 5 मीटर तक चौड़ाई में यह मार्ग करीब 80 लाख में बांध के मुख्य गेट से स्टेट हाइवे जोड़ तक बनाया गया था और पांच वर्ष भी टिकाऊ नहीं रह पाया।




### पूर्व में लग चुके कई तरह के आरोप

शहर में हो रहे विकास कार्यों को लेकर पूर्व में भी कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। परिषद के सदस्य स्वयं विकास कार्यों पर उंगली उठाते हुए करीब एक माह तक आंदोलन कर चुके। नपा परिषद में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को लेकर अन्य विभागों की टीमों के जरिए कार्यों की जांच भी कराई जा चुकी, नागरिकों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता व गुणवत्ता को लेकर उम्मीदें जगाई जाती रही, लेकिन इस जांच के परिणाम भी सिफर रहे और लोगों की तकलीफ जहां की बनी हुई है।



### इधर डेढ़ वर्ष पूर्व बने मार्ग पर फंस रहे वाहन

वहीं इस समय तिलक चौक से कागदीपुरा की सड़क आवागमन में मुख्य रूप से आफत बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासी बताते हैं यह मार्ग करीब एक वर्ष पूर्व ही लाखों रुपए की लागत से बना था और अब पाइप लाइन के नाम से सड़क को खोद देने से इस मार्ग पर वाहन बुश्किल निकल पा रहे। हर दिन वाहन फस रहे हैं और फिसल रहे हैं। इस मार्ग की इस दुर्दशा के चलते अन्य सहयोगी मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से अन्य सड़कों पर बार-बार जाम की नौबत बन रही है। सुविधाओं और विकास के कार्य बिना प्लानिंग के होने एवं गुणवत्ता की कमी के कारण सुविधाएं बढ़ना तो दूर मुश्किलें बढ़ती जा रही और लोगों को यह विकास कार्य राहत पहुंचाने वाले साबित नहीं हो रहे।



### रामलीला क्षेत्र में कुछ वर्ष पूर्व बनी सीसी रोड भी उखड़ी

इधर रामलीला मैदान के पीछे वाला रोड जो मुक्तिधाम सड़क जोड़ से होकर बासौदा मार्ग से जुड़ा है। कुछ ही वर्ष पूर्व वर्तमान नगरपालिका ने इस सीसी रोड का निर्माण कराया था। रोड बनने के बाद से ही इस रोड पर कई जगह दरारे पड़ जाने के बाद इस पर डामरीकरण करा दिया गया था, लेकिन अब यह रोड भी कई जगह से उखड़ चुका है। जबकि यह मार्ग अत्यंत व्यस्तम मार्ग है। यह सड़क अनाज मंडी से भी जुड़ी है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही भी इस सड़क पर रहती है, लेकिन लाखों रुपए की यह सड़क अधिक समय तक टिकाऊ साबित नहीं हो सकी। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि यहा बिजली विभाग के सब स्टेशन के पास सड़क का उखड़ा हिस्सा 12 माह मुसीबत बना रहता है। सड़क निर्माण के दौरान अक्सर इस हिस्से को छोड़ दिया जाता है जिससे बारिश के दौरान मुसीबत और अधिक बढ़ जाती है। शहर में हो रहे इस तरह के विकास कार्य हैरत में डाले हुए और नागरिक इस तरह के विकास कार्यों को पैसों की व्यर्थ बर्बादी मान रही है।

## वार्ड 32 में बन रही पानी की टंकी का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



जागरण विदिशा

नगर के वार्ड क्रमांक 32 में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यह पानी की टंकी तैयार होने के बाद वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजू दांगी एवं पीएचई शाखा के जल प्रभारी रामप्रकाश जायसवाल उपस्थित रहे।

### शिक्षकों की मनमानी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

जागरण विदिशा

ग्राम लखुली विकासखंड ग्यारसपुर के मिडिल स्कूल में शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि विज्ञान का पेपर था जिसका समय 10.30 था लेकिन 11.10 तक कोई भी शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे और स्कूल में ताला लगा रहा, जिससे बच्चे बाहर धूप में खड़े होकर इंतजार करते रहे जबकि शाला में दो शिक्षक तीन अतिथि नियुक्त हैं। ग्राम पंचायत लखुली सरपंच अरविंद गोस्वामी ने भी शिक्षकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं और कहां कि यह इनका इनका हमेशा का रवैया रहता है। जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को ऐसी लापरवाही पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## फरियादियों की समस्याओं को सुनने एसपी काशवानी स्वयं पहुंचे शिविर में

### जन शिकायत निवाराण शिविर लगाकर पुलिस 65 शिकायतें मौके पर निपटाईं

जागरण विदिशा

नागरिकों की शिकायतों के निराकरण को लेकर गुरूवार को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में हुआ। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया।

शिविर में फरवरी 2026 ग्रेडिंग माह एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 75 आवेदकों की शिकायतें विस्तार से सुनी गईं, जिनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया गया। शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा.निर्देश प्रदान किए गए।



एसपी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संवेदनशील है और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस अवसर पर एएसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया।

## महिला सशक्तिकरण: समाज के विकास में समान भागीदारी के लिए महिलाओं को किया प्रेरित




जागरण विदिशा

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य गुरूवार को आडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान यूपीएससी.2025 परीक्षा में 260वीं रैंक प्राप्त करने वाली प्राची चौहान का विशेष रूप से सम्मान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कृतिका व्यास एवं संतोष रघुवंशी भी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली 38 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। प्रत्येक बालिका को 5000 रुपए स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कुल राशि 1 लाख 90 हजार इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना है।

इस दौरान एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि महिलाओं का हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आज बेटियां शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले समाज में बेटा और बेटी के बीच भेदभाव होता था, लेकिन अब समय बदल गया है। उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेदों के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, समानता और सम्मानजनक जीवन के अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विधायक मुकेश टंडन ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए लाडली बहन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और अन्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एएसपी प्रशांत चौबे, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह, एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## हाईवे चौड़ीकरण में निर्माणों को हटाने पर हुआ टकराव

### निर्माणों को हटाने पहुंची प्रशासन की टीम का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

जागरण विदिशा

भोपाल सागर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण को लेकर कोई न कोई विवाद सामने आता है। ऐसा फिर गुरूवार को जहां मिर्जापुर क्षेत्र में प्रशासन की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हाईवे किनारे बने कुछ निर्माणों को हटाने पहुंची टीम का स्थानीय लोगों ने पुरजोर विरोध किया। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें जितनी जमीन का मुआवजा मिला था, उतने हिस्से का निर्माण वे पहले ही तोड़ चुके हैं, लेकिन अब प्रशासन अतिरिक्त हिस्से को भी हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा भोपाल.सागर हाईवे का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत सड़क किनारे जल निकासी के लिए नाली निर्माण का लेआउट तैयार किया गया है। इसी क्रम में हाईवे की जमीन में आ रहे कुछ मकानों और अन्य निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की दो बार नपती कराई जा चुकी है। जिन लोगों की जमीन हाईवे में आ रही है, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जा चुका है। उसी के आधार पर निर्माण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित लोगों को पहले ही सूचना दे दी गई थी।



### आरोप: 500 वर्गफीट का दिया मुआवजा, उससे ज्यादा तोड़ रहे

गुरूवार को प्रशासन की टीम मिर्जापुर क्षेत्र पहुंची और मशीनों की मदद से निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान कुछ मकान मालिकों ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है और वे चिन्हित हिस्से को तोड़ चुके हैं। इस दौरान भवन मालिक तीरथ सिंह राजपूत ने बताया कि उन्हें पहले 3 लाख 75 हजार रुपए का मुआवजा दिया गया था। उन्होंने निशान लगने के बाद करीब 500 वर्गफीट हिस्से को तोड़ दिया था। उनका आरोप है कि अब प्रशासन उससे ज्यादा हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई कर रहा है, जिसके लिए उन्हें अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने उचित मुआवजा मिलने के बाद ही कार्रवाई की मांग की।

## अवैध रूप से बनाए गए कुएं विभाग ने जेसीबी से भरवाए



जागरण शमशाबाद

वन परिक्षेत्र शमशाबाद अंतर्गत वन भूमि पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निराकरण के तहत अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम बांसखोह स्थित कंपार्टमेंट में अवैध रूप से बनाए गए चार कुओं को चिन्हित किया गया। इसके पश्चात वन विभाग की टीम ने शमशाबाद पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन की सहायता द्वारा इन सभी कुओं को भरवाकर पूर्ण रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान वन विभाग के अमले ने मौके पर मौजूद ग्राम बांसखोह के ग्रामवासियों को समझाइश देते हुए बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या गतिविधि करना कानूनन अपराध है। उन्हें समझाया गया कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कार्य न करें। वन विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि संबंधित क्षेत्र में आगामी समय में पौधारोपण प्लांटेशन किया जाना प्रस्तावित हैए जिससे वन क्षेत्र का संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाया जा सके। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफसख्त संदेश गया है तथा वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि की सुरक्षा और संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### पंचकल्याणक महोत्सव का दूसरे दिन विभिन्न आयोजन, वैराग्यमयी नाटक का हुआ मंचन

## भौतिकता की चकाचौंध में भटक रही युवा पीढ़ी: मुनिश्री

जागरण विदिशा

पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध में प्रातःकालीन धर्मसभा में निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भौतिकता की चकाचौंध में आकर अपने मूल संस्कारों से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्भ संस्कार और माता-पिता की जिम्मेदारी को समझना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आजकल माताओं में गर्भ से संबंधित अनेक समस्याएं देखने को मिल रही हैं, जिसका मुख्य कारण असंतुलित दिनचर्या और अशुद्ध खान.पान है।

मुनिश्री ने कहा कि आज बच्चों में जो मानसिक समस्याएं या विकलांगता के मामले बढ़ रहे हैं, उसके पीछे कई बार माता.पिता की लापरवाही भी जिम्मेदार होती है। जीव को 84 लाख योनियों के बाद मनुष्य जन्म मिलता है, लेकिन यदि माता.पिता सावधानियां नहीं बरतते तो उसका दुष्परिणाम संतान को भुगतना पड़ता है।



पंचकल्याणक महोत्सव समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिवस गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध तथा भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर दोपहर में वैराग्यमयी नाटक का मंचन किया गया। मध्यान्ह में गर्भवती महिलाओं को ब्रह्मचारिणी दीदी द्वारा गर्भ संस्कार प्रदान किए गए तथा गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान राजा नाभिराय और माता मरूदेवी की बग्गी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा राजदरबार का आयोजन किया गया। 56 कुमारी एवं अष्टकुमारी देवियों ने माता की सेवा करते हुए गर्भ संस्कार की विधियां संपन्न कराईं।

### आज होंगे यह कार्यक्रम

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि आज 13 मार्च शुक्रवार को जन्म कल्याणक महामहोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 6 बजे से मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ होंगी तथा 6.18 बजे आदिकुमार का जन्म होगा। 7.15 बजे मुनिश्री की देशना होगी तथा 9 बजे जन्म कल्याणक का भव्य जुलूस कार्यक्रम स्थल आयोध्या नगरी से निकलकर नगर में भ्रमण करेगा एवं पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का जन्माभिषेक संपन्न होगा एवं मध्यकाल में बाल क्रीडा आदि के दृश्य दिखाये जाऐंगे। संध्याकाल में महाआरती तथा रात्रि में महाराजा नाभिराय के दरबार का आयोजन होगा।

### कार्यकर्ता व सहायिका चयन की अनंतिम सूची जारी

**जागरण विदिशा।** विदिशा जिले में महिला एवं बाल विकास परियोजना नटेरन अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर फेस.2 के अंतर्गत विज्ञप्ति जारी की गई थीए जिसके तहत 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 11 आंगनवाड़ी सहायिका पदों पर चयन किया जाना प्रस्तावित है। रिक्त पदों के चयन के लिए विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा पात्र आवेदनों की समीक्षा के पश्चात संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए केंद्रवार एवं पदवार अनंतिम चयन सूची 7 मार्च 2026 को ऑनलाइन जारी कर दी गई है। जारी की गई अनंतिम सूची पर अभ्यर्थियों से दावा.आपत्ति ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जा रहे हैं। सूची के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस तक अभ्यर्थी अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों की अनंतिम सूची के संबंध में दावा.आपत्ति ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने की अंतिम तिथि 13 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।